सड़कों से 'कचरा डिपो' हटाने के लिए हैरिटेज निगम ने फील्ड में उतारे अफसर

आयुक्त अभिषेक सुराणा ने अफसरों को सुबह 7 से 9 बजे तक सफाई व्यवस्था सुधारने में लगाया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । हैरिटेज नगर निगम ने सड़कों से ओपन कचरा डिपो हटाने के प्लान पर काम शुरू कर दिया है। हैरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने पिछले 3 महीनों में सफाई कर्मचारियों की हाजरी, कचरा डिपो उठने की स्थिति, हाजरीगाह, हूपर्स पर जिंगल, शौचालयों व टॉयलेट्स की सफाई का निरीक्षण व मानिटरिंग करवाने के बाद अब अफसरों की पूरी फौज फील्ड में उतारी है।

सुराणा ने मुख्यालय और जोन के सभी वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारियों को पहले ओपन डिपो की ऑन द स्पॉट गूगल शीट में रिपोर्ट भरने और मंगलवार से सभी अधिकारियों को 2 घंटे के लिये फील्ड में काम करने को कहा है।

सुराणा ने सफाई को लेकर बैठक बुलाई, जिसमें साफ कहा कि जयपुर शहर की स्वच्छता रैंकिंग सुधारना ही टास्क नहीं है, बल्कि ओपन कचरा डिपो को पूरी तरह खत्म कर शहर की सफाई व्यवस्था मुस्तैद बनाये रखना है।

सुराणा ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन ओपन कचरा डिपो विजिट करें। कचरा उठने के बाद गंदगी फैलाने वाले लोगों से जुर्माना वसूले। इसके लिए मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य निरीक्षक कचरा डिपो के सामने थड़ी व दुकान पर कुर्सी लगाकर बैठे।

सुराणा ने उपायुक्त स्वास्थ्य व उपायुक्त उद्यान व मुख्यालय शाखा को निर्देश दिये कि ओपन डिपो साफ करवाकर वहाँ पर पेंट करवायें, आवश्यकतानुसार मटके व बैंच रखवायें। साईनेज, बैरिकेट्स लगवाये व कचरा न डालने वाले क्रॉस बनवायें।

अधिकारी फील्ड में रहकर अपने आवंटित वार्ड मे रहकर लोगों को जागरूक करें व फिर भी कचरा डालने से नही माने तो कचरा डालने वालों पर निगाह रख चालान काटें। सुराणा ने कहा कि सुबह 7 बजे रोड स्विपिंग चालू हो जाये, सुबह 7 बजे कर्मचारियों की हाजरी ले लें व सबका एक ग्रुप फोटो भी भेजें।

बीट प्लान के अनुसार एक सफाई कर्मचारी से 800 मीटर एरिया में सफाई करवाने व 2 कर्मचारियों के बीच एक कचरा उठाने वाले की तैनाती सही तरीके से करवाने के निर्देश दिये ।

उन्होंने हूपर्स पर स्वच्छता व चुनाव के जिंगल चलवाने, तिरपाल से ढकवाने व हूपर्स में हैल्पर्स ड्रेस में सुनिश्चित करने को कहा। मूत्रालय-सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण करने, पान के धब्बे व जगह-जगह खुले में पेशाब करने से होने वाले पीले धब्बे को हटाने के लिए पेंट करवाने, टाईल्स लगवाने, 100 किलो से ज्यादा कचरा पैदा करने वाले होटल रेस्टॉरेंट व हॉस्पिटल को जीरो वेस्ट प्रोजेक्ट को लागू करवाने के लिए कहा। गीला-सूखा कचरा अलग करवाने के लिए पार्क में संगोष्ठी आयोजित करवाने, बच्चों व पेरेंट्स को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नौंवी व बारहवीं के बच्चों के साथ मीटिंग करने, युवा क्लबों को साथ जोडकर प्रतिदिन श्रमदान करवाने पर भी फोकस करने के निर्देश दिये। सुराणा ने कहा कि वार्ड 91 से 95 तक (पाँच वार्डों में) सी-फॉर एन.जी.ओ. की महिलाएं गीला-सूखा कचरा अलग-अलग के लिये जागरूक कर रही हैं।

हैरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक लेकर जयपुर शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के एक्शन प्लान पर चर्चा की।

- मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य निरीक्षक कचरा डिपो के सामने कुर्सी लगाकर बैठेंगेद्ध गंदगी फैलाने वाले लोगों के चालान भी काटेंगे
- कचरे के ढेर हटाने के बाद वहां तारबंदी, मटके, बैंच और गमले रखे जाएंगे, ताकि लोग दुबारा गंदगी नहीं फैलाएं

चंचल राजावत का असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर चयन

जयपुर (कासं)। कृषि आयुक्तालय जयपुर में सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद पर कार्यरत चंचल राजावत का भारतीय लोक सेवा आयोग (यू.पी.एस.सी.) द्वारा आज जारी किये गए परिणाम में ऑल इंडिया प्रथम रैंक पर गृह मंत्रालय भारत सरकार में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर चयन हुआ है । इससे पूर्व राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद के लिए परीक्षा में भी राजावत ने राजस्थान में तीसरी रैंक हासिल की थी।

चंचल ने प्रथम श्रेणी से बी.एस.सी. मैथेमेटिक्स एवं एम.एस.सी. स्टेटिस्टिक्स में राजस्थान विश्वविद्यालय से की है। इससे पूर्व संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ही आयोजित भारतीय सांख्यिकीय सेवा के पद के लिए चंचल ने तीन बार साक्षात्कार भी दिया है, इस पद के लिए प्रथम प्रयास में ही ये सफलता अर्जित की है। चंचल राजावत ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता एवं मामा कुलभान सिंह को दिया है। चंचल के पिता सुरेन्द्र सिंह बांकावत सवाई मानसिंह चिकित्सालय जयपुर के चरक भवन में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। जबकि उनकी बड़ी बहन प्रियंका राजावत राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर में आशुलिपिक के पद पर तथा छोटा भाई भानुप्रताप सिंह डॉक्टर है।

सार-समाचार

इंटरनेशनल मल्टीसिटी वॉक 25 शहरों में

जयपुर, (का.सं.)। एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट की ओर से एब्डोमिनल कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए 70 दिवसीय अभियान की शुरूआत की गयी है। यह अभियान 19 मई को विश्व एब्डोमिनल कैंसर डे तक चलेगा। इसकी थीम अवेयरनेस इज पावर रखी गयी है। इसके लिए 19 मई को दुनियाभर के 25 शहरों में इंटरनेशनल मल्टीसिटी वॉक का आयोजन किया जा रहा है। इसी दिन जयपुर में भी जयपुर हैरिटेज वॉक का आयोजन होगा। 3 किमी. की यह वॉक एब्डोमिनल कैंसर के प्रति अवेयरनेस और स्वस्थ रहने का संदेश देगी। इसी कड़ी में इवेंट को लेकर एक पोस्टर लॉन्च किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर के कुलपति प्रो.सुधीर भंडारी रहे। प्रो.भंडारी ने एब्डोमिनल कैंसर को लेकर जागरूक होने और स्वस्थ रहने का आव्हान किया। इस अवसर पर एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट के फाउंडर और एब्डोमिनल कैंसर डे के संस्थापक डॉ.संदीप जैन, वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट के सह संस्थापक और आईईएमआर के निदेशक मुकेश मिश्रा, आरयूएचएस, यूएन जीसीएनआई, राजस्थान से डॉ. प्रमिला संजय,फोर्टिस हॉस्पिटल में एनेस्थीसिया विभाग के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. अखिल अग्रवाल मौजूद रहे।

जरूरतमंदों को भोजन प्रसादी बांटी

जयपुर, (का.सं.)। सृजनसृष्टि-फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने आज शहर की अलग-अलग बस्तियों में जाकर जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रसादी वितरित की। संस्था के निदेशक मंथन-खत्री ने बताया कि "इसी तरह के कार्य अप्रैल माह में और भी करने की कोशिश की जाएगी, जिससे जरूरतमंदों को मदद मिल सके। इस कार्य के लिए जन सहयोग अपेक्षित है।"संस्था की कार्यकर्ता मोनिका-खत्री ने बताया कि "हमारे इस कार्य में आम जन से सहयोग की अपेक्षा है। जनता जनार्दन ही इस महत्ती कार्य को आगे बढ़ाते हुए नई दिशा प्रदान कर सकते हैं। आप हमारी संस्था के साथ अपना जन्मदिन, विवाह की वर्षगाँठ और स्मृति दिवस को मानते हुए, गरिबनारायण की सेवा में भागीदार बन सकते हैं। हमारा सभी महानुभावों से अधिक से अधिक सहयोग की अपेक्षा है।"

20 गोल्फर्स को हैंडीकैप्स आवंटित किए

जयपुर । रामबाग गोल्फ क्लब के 20 उभरते गोल्फर्स को हैंडीकैप एवं टेक्निकल कमेटी द्वारा हैंडीकैप्स आवंटित किए गए। क्लब के कैप्टन, शिरिष सचेती और मानद सचिव, हेम सिंह खंगारोत ने खिलाड़ियों को हैंडीकैप सर्टिफिकेट वितरित किए। हैंडीकैप कमेटी के संयोजक, अजय सिंह खींची और सह-संयोजक, अनुश शर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने गोल्फर्स को गोल्फ कोर्स पर अपनाए जाने वाले रूल्स और एटिकेट्स के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर कैप्टन सचेती ने कहा कि "यह हर्ष का विषय है कि क्लब के 20 सदस्यों ने हैंडीकैप सर्टिफिकेट प्राप्त किए हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक गोल्फ खिलाड़ी को रूल बुक भी भेंट की गई। सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले सदस्यों में विकास जैन, सुमित जैन, सहज शर्मा, ओम शंकर धामानी, सौरभ भल्ला, गौरव भल्ला, सर्वदमन शर्मा, डॉ. प्रीतपाल सिंह कालरा, आरना एम चंद्रा, निधि लोयलका, अनिल पोद्दार, अजीत सिंह, डॉ. संदीप टंडन, ईवा सोनी, नील अग्रवाल, डॉ. जगदीश सिंह, सुभाष शर्मा, संजय सक्सैना, सिद्धार्थ शर्मा व चरण जीत सिंह शामिल थे।

रिषित गुजराल ने गोल्ड मैडल मिला

जयपुर । राजधानी के जे.पी. स्केटिंग क्लब जगतपुरा में डिकेथलॉन की ओर से आयोजित रोलाथॉन स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता में जे.पी. स्केटिंग क्लब के प्रतिभागी प्रताप नगर निवासी रिषित गुजराल ने 5-7 वर्ष आयु वर्ग में 200 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता है। मुख्य अतिथि जयपुर स्केट एसोसिएशन के सचिव सुरेन्द्र ने गोल्ड मेडल प्रदान किया। इस अवसर पर रिषित गुजराल ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच संजय चंदा और अभिषेक चंदा तथा अपने माता-पिता व परिवारजनों को दिया। उसने कहा कि इनकी प्रेरणा से उन्हें यह उपलब्धि अर्जित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। रिषित की इस उपलब्धि पर उसके परिजनों और क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

जेकेके में एचिंग प्रिंट कार्यशाला शुरू

जयपुर, (का.सं.) जवाहर कला केन्द्र और राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित एचिंग प्रिंट कार्यशाला मंगलवार को शुरुआत हुई। 8 अप्रैल तक जारी रहने वाली कार्यशाला में 90 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें से 30 प्रतिभागी राजस्थान यूनिवर्सिटी के ड्राइंग डिपार्टमेंट में सेकंड सेमेस्टर के विद्यार्थी हैं जबकि 60 अन्य विश्वविद्यालयों से आए हैं। कार्यशाला में एक्सपर्ट के रूप में आरयू के डिपार्टमेंट आफ ड्राइंग एंड पेंटिंग में एसोसिएट प्रो. डॉ. अमिता राज गोयल, आईआईएस यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रो. एकता शर्मा और फ्रीलांस आर्टिस्ट नरेन्द्र कुमार सैन प्रतिभागियों से रूबरू हो रहे हैं। डॉ.अमिता राज गोयल ने बताया कि एचिंग एक पुरानी विधा है। इसके जरिये प्रिंट तैयार करने के लिए धातु की प्लेट पर आकृति उकेरकर उसमें स्याही डालने के बाद प्रिंट निकाला जाता है। उन्होंने कहा कि विजुअल आर्ट से जुड़ी बहुत सी विधाएं हैं।

'राम-कृष्ण जन्मोत्सव' की आनंद वर्षा में भीगे श्रद्धालु

जयपुर । श्री निम्बार्क संत बाबा शुक्रदेवदास महाराज के आठ दिवसीय दशम् स्मृति महोत्सव के अंतर्गत नायला स्थित संत आश्रम में इन दिनों आस्था की बयार चल रही है। समुचा परिसर भक्तिरस में डूबा हुआ है। आश्रम में महंत सर्वेश्वरशरण के सानिध्य में मंगलवार को शुक सम्प्रदाय पीठाधीश अलबेलीमाधुरी शरण महाराज की उपस्थिति में पंडितों का समूह एक तरफ गीता, महावाणी व गोपालसहस्त्रनाम पाठ में रत है, दूसरी और अहर्निश अखण्ड संकीर्तन में ढोलक की थाप गूंज रही है। प्रवक्ता डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि उत्सव का आनंद लेने के लिए श्रद्धालु दूर दराज से आश्रम पहुंच रहे हैं। आज की भागवत कथा में व्यास पीठ से पं. रमेश चंद्र शास्त्री ने राम व कृष्ण जन्म के उपलक्ष्य में वस्त्र, खिलौने, फल इत्यादि की उछाल लुटाई। बाजत आज बधाई जी नंद बाबा के अंगना.. , नन्द घर आनन्द भयो जै कन्हैया लाल की.., नंद लाला प्रकट भए आज ब्रज में लडुआ बंटें...जैसे सुमधुर भजनों पर भाव विभोर श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण नृत्य किया। रात्रि को पं. भुवनेश्वर वशिष्ठ के निर्देशन में रास लीला में श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाएं दिखाई गयी।

52 लाख रु.के चैक अनादरण का मामला खारिज

जयपुर (कासं)। एन.आई. एक्ट मामलों की स्पेशल कोर्ट ने 52 लाख रु. के दो चैकों (22 लाख और 30 लाख रु.) के अनादरण मामले को खारिज किया है। अदालत ने यह फैसला साक्ष्य और सबूतों के अभाव में खारिज किया है। इस संबंध में असलम खान निवासी हटवाड़ा रोड जयपुर ने 11 जुलाई 2017 को अदालत में दीपक बाजरगान निवासी स्वेज फार्म राम नगर विस्तार, न्यू सांगानेर रोड जयपुर के खिलाफ परिवाद पेश किया था। एडवोकेट विश्वनाथ सिगची ने दीपक बाजरगान की ओर से पैरवी करते हुए कोर्ट को बताया कि परिवादी अपना परिवाद उसके विरूद्ध साबित करने में पूर्णतया असफल रहा है। उसने वित्तीय आवश्यकताओं के लिए 52 लाख रुपये उधार देना बताया, लेकिन उधार देने की अपनी हैसियत साबित नहीं कर सका। पैसे देने का कोई बैंक स्टेटमेंट भी पेश नहीं किया। असलम खान ने 6 साल पहले की अपनी नेट इनकम से अनभिज्ञता जताई।

सत्येंद्र शर्मा ने वनस्थली विद्यापीठ में देखी एन.सी.सी. गतिविधियां

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान निदेशालय के एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा उप महानिदेशक एनसीसी राजस्थान एवं कमांडिंग ऑफिसर कर्नल बीएम एस परमार द्वारा वनस्थली विद्यापीठ की गतिविधियों का निरीक्षण किया गया।

सर्वप्रथम विद्यापीठ की छात्राओं द्वारा उपमहानिदेशक एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा का राजस्थानी परंपराओं के अनुसार तिलक लगाकर एवं सूत की माला पहनकर जोश एवं उत्साह से स्वागत किया गया। विद्यापीठ की एनसीसी की कैडेट्स एवं एनसीसी बैंड द्वारा एयर कमोडोर सत्येन्द्र शर्मा को जनरल सैल्यूट दिया गया। इस अवसर पर विद्यापीठ की कुलपति प्रो ईना आदित्य शास्त्री, निदेशक डॉ अंशुमान शास्त्री एवं विद्यापीठ के एनसीसी से जुड़े हुए अन्य पदाअधिकारी उपस्थित रहे। विद्यापीठ की गतिविधियों का अवलोकन किया गया जिनमें सर्वप्रथम विद्यापीठ की जन्मस्थली श्री शांतिबाई शिक्षा कुटीर का अवलोकन कर स्थान के ऐतिहासिक महत्व को जाना इसके उपरांत कला मंदिर में छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग एवं फेस्को वर्क से बारे में जानकारी प्राप्त की। स्पोर्ट्स कांपलेक्स एवं स्कूल ऑफ एवियेशन, स्कूल आफ का डिजाइन, स्कूल का ऑटोमेशन द्वारा संचालित छात्राओं की गतिविधियों का अवलोकन किया। छात्राओं द्वारा की जा रही विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का भी अवलोकन किया एवं एनसीसी सीनियर विंग जूनियर विंग की छात्राओं से रूबरू होकर कर उनका मार्गदर्शन किया। निरीक्षण के उपरांत विद्यापीठ की कुलपति से बैठक हुई जिसमें एनसीसी से जुड़े हुए विषयों पर विचार विमर्श किया गया। विद्यापीठ की कुलपति द्वारा एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

राजस्थान निदेशालय के एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा उप महानिदेशक एनसीसी राजस्थान और कमांडिंग ऑफिसर कर्नल बीएम.एस. परमार ने वनस्थली विद्यापीठ की गतिविधियों का निरीक्षण किया।

लकड़ियों के ढेर में आग, बस जली

जयपुर । बगरू इलाके में मंगलवार दोपहर लकडियों के ढेर में अचानक आग लग गई। आग से पास में खड़ी एक मिनी बस जल गई। सूचना पर बगरू से दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार अजमेर रोड पर गाडोता में एक स्थान पर जमा लकडियों में दोपहर करीब तीन बजे अचानक आग लग गई। आग ने पास में खडी एक ट्यूरिस्ट मिनी बस को भी चपेट में ले लिया। सूचना पर दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

चैत्र नवरात्र 9 अप्रेल से

जयपुर (कासं)। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 9 अप्रेल से 17 अप्रेल तक बासंतिक नवरात्र में पूरे नौ दिन घर-घर में शक्ति की देवी मां दुर्गा और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की विशेष पूजा-अर्चना होगी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नया हिंदू नववर्ष विक्रम संवत भी आरंभ होगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर स्वर्ग लोक से पृथ्वी पर आ रही हैं। आमेर के शिला माता, मनसा माता, घाटगेट श्मशान स्थित काली माता, दुर्गापुरा स्थित दुर्गा माता, राजपार्क स्थित वैष्णो देवी, पुरानी बस्ती स्थित रुद्र घंटेश्वरी सहित अन्य देवी मंदिरों में शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ वासंतिक नवरात्र का शुभारंभ होगा। इस बार घट स्थापना के लिए अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:04 से 12:52 बजे तक है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता की तबीयत बिगड़ी

जयपुर । मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सीनियर आईएएस प्रवीण गुप्ता की मंगलवार को फिर से तबीयत खराब हो गई। उन्हें इलाज के लिए जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल (एसएमएस) की इमरजेंसी में लाया गया।

डॉक्टरों ने बताया कि गुप्ता को सांस में तकलीफ की शिकायत के बाद उनके निजी गार्ड यहां लेकर पहुंचे। जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट के डॉक्टरों ने गुप्ता का इलाज शुरू किया है। प्रारंभिक तौर पर उनकी ईसीजी, चेस्ट एक्सरे और ब्लड की कुछ रुटिन जांचें करवाई है। इनकी रिपोर्ट आने के बाद आगे का ट्रीटमेंट दिया जाएगा।

गौरतलब है कि विधानसभा के चुनाव के दौरान भी प्रवीण गुप्ता की तबीयत खराब हो गई थी। उस समय उन्हें खाना खाने के दौरान सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी और वह बेहोश हो गए थे। इस पर सुरक्षा गार्डों और घर के दूसरे सदस्यों ने उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया था। ईसीजी, ब्लड की जांच और एक्स-रे करवाने और प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें मेडिकल आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। इसके बाद उन्हें होश आ गया और कुछ घंटे इलाज के बाद उनको डिस्चार्ज कर दिया गया था।

पंजाब नेशनल बैंक के डिप्टी मैनेजर से साइबर ठगी

जयपुर । ज्योति नगर इलाके में नेहरू पैलेस स्थित पीएनबी बैंक के डिप्टी मैनेजर के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि पीएनबी के डिप्टी मैनेजर मीठा लाल की शिकायत पर साइबर अपराध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी ने पैसा एचडीएफसी के एक बैंक खाते में लिया है। उस खाते के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

डिप्टी मैनेजर ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर एपीके फाइल का लिंक मैसेज मिला। इस लिंक को ओपन किया तो 31 मार्च को सुबह सवा 9 बजे उनके खाते से 2 लाख 37 हजार रुपए डेबिट हो गए। इसका मैसेज मोबाइल पर मिलने पर मैनेजर ने तुरंत 1930 पर फोन किया और खाता सीज कराया। पीड़ित ने साइबर सेल के नंबर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करवाई। साथ ही पीएनबी में भी फ्रॉड की शिकायत दे दी है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने खाते से संबंधिक कोई भी जानकारी किसी के साथ साझा नहीं की, फिर भी उसके खाते से रुपए निकल गए। मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्री प्रेमभाया महोत्सव में दूसरे दिन भी बही भक्ति रसधार

परकोटे में धूमधाम से आज निकलेगा नगर संकीर्तन

जयपुर । श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से चांदपोल बाजार के जयलाल मुंशी का रास्ता स्थित युगल कुटीर में आयोजित 84 वें श्री प्रेमभाया महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को दिन में विभिन्न महिला मंडलों ने भक्ति रस बरसाया। श्री प्रेमभाया महिला मंडल की राखी चतुर्वेदी ने मोहे अपने चरण की शरण दे, जय गणपति गणराज से कार्यक्रम की शुरुआत की।

मीना शर्मा ने आओ जी नटनागरिया बेगासा आओ जी... सुनाकर भक्त की पुकार को स्वर दिया। गोपीनाथ महिला मंडल की मोहनी सोनी ने आओ आओ जी कन्हैया गुण गावा छां , मन मंदिर माहीं बुलावा छां भजन से ठाकुर जी की मनुहार की। कृपा शर्मा, मोनिका साबू सहित अन्य गायिकाओं ने भी भक्तिभाव से ठाकुरजी का गुणगान किया। रात्रि आठ बजे संगीतमय सामूहिक आरती के साथ मुख्य भक्ति संगीत समारोह का श्रीगणेश हुआ। गायकों ने भक्त युगल किशोर शास्त्री की ढूंढाड़ी भाषा में रचित भक्ति रचनाओं से माहौल को भक्तिमय बना दिया। समिति के अध्यक्ष विजय किशोर शर्मा ने उद्धार करो ई काया को होली टीबा मैलो भरग्यो प्रेमभाया को... पारंपरिक रचना सुनाकर ढूंढाड़ी विरासत को शब्दों में उतारा। हीना सेन ने गोवर्धन लियो रे उठाय नटवर नागारियो..., सन्नी चक्रधारी ने कांई जादू कर दीन्यों थांकी याद आवे छै..., राकेश शर्मा ने हे कृष्ण कब तुम कृपा करोगे गरीब बालक बुला रहे है....जैसी भक्ति रस से सराबोर रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रकाश दास महाराज ने गो माता और सनातन धर्म को बचाने का आ ान करते हुए भक्ति के साथ देश भक्ति गीतों से समां बांध दिया। अन्य गायकों ने भी भक्ति रस बरसाया। इस अवसर पर श्री प्रेमभाया सरकार का ऋतु पुष्पों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। समिति के अध्यक्ष विजय किशोर शर्मा ने बताया कि महोत्सव के तीसरे दिन बुधवार को दिन में महिला मंडलों द्वारा भक्ति संगीत का कार्यक्रम होगा। शाम सात बजे नगर संकीर्तन निकलेगा। युगल कुटीर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ अगले दिन सुबह पुनः युगल कुटीर पहुंचेगा। और इसके साथ ही भक्ति संगीत समारोह संपन्न होगा।

पुलिस कस्टडी से भागा बदमाश

जयपुर । शिवदासपुरा पुलिस की कस्टडी से एक बदमाश अमर चंद (25) निवासी चंदलाई फरार हो गया। आरोपी बदमाश टॉयलेट जाने के बहाने सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय की दीवार कूदकर फरार हो गया। कांस्टेबल शिवराज ने मामला दर्ज करवाया है कि शांतिभंग के मामले में आरोपी नरसी लाल गुर्जर, गोपाल शर्मा, रामप्रसाद शर्मा और अमर चंद को गिरफ्तार किया था। इनमें से अमरचंद फरार हुआ है।

करधनी में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेनेट्री शॉप में चोरी की वारदात

जयपुर (कासं)। करधनी इलाके में चोरों ने एक इलेक्ट्रॉनिक्स और सेनेटरी की दुकान को निशाना बनाकर लाखों रुपए का सामान ले गए। बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने के लिए शटर को तोड़ा और फिर अंदर घुसकर प्लास्टिक के कट्टों में सामान भरकर फरार ले गए। यह पूरी घटना वारदातस्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि मलिकपुर तोरण चौमूं निवासी रमेश कुमार कुमावत (25) ने मामला दर्ज करवाया कि निवारू रोड पर त्रिवेणी नगर-2 में उनकी गणेश इलेक्ट्रिक एंड सैनेटरी स्टोर के नाम से दुकान है। 30 मार्च की रात को रोजाना की तरह दुकान बंद कर वह घर चले गए। देर रात बदमाश शटर तोड़कर दुकान के अंदर घुसे और गल्ले में रखे 22 हजार रुपए नकदी के साथ ही प्लास्टिक के कट्टों में करीब 4 लाख रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले गए। दुकान के अंदर-बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों की करतूत कैद हो गई। रात करीब 2 बजे 2 बदमाश पैदल आकर दुकान के बाहर कुछ दूरी पर नकब और प्लास्टिक कट्टे रखे गए। कुछ देर बाद रेकी करने के बाद दोबारा आए बदमाशों ने बाहर लगे सीसीटीवी के डायरेक्शन को चेंज किया। इसके बाद लोहे के नकब से दुकान का शटर तोड़कर दोनों बदमाश अंदर घुसे। प्लास्टिक कट्टों में कीमती सामान भरते समय हेलमेट लगा रखे बदमाश ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर दिया। दोनों बदमाश गल्ले में रखे रुपए और कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए।

- सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों को तलाशने में जुटी